प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

संख्याः–2816/तेरह–आ0प्र0प्राधि0/2020–21 दिनांक15दिसम्बर, 2021

विषयः– गौमुख क्षेत्र का सर्वेक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विगत वर्ष भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) के सम्भरण क्षेत्र में भूस्खलन के कारण झील बनने की सूचना पर पर मा0 उच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा उक्त क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सर्तकता के दृष्टिगत निगरानी हेतु दिये गये निर्देशानुसार जनपद स्तर से उक्त क्षेत्र का समय–समय पर सर्वेक्षण करवाया जाता है। इसी क्रम में वन विभाग के दल से दिनांक 28.11.2021 को उक्त भोजवासा/गोमुख क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करवाया गया है।

उक्त निरीक्षण दल/क्षेत्रीय वनाधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी की संलग्न स्थलीय निरीक्षण आख्या दिनांक 29.11.2021 के द्वारा अवगत कराया गया है कि भ्रमण के दौरान देखने में आया है कि नदी अपने पुराने वहान/पुराने बहाव क्षेत्र में ही बह रही है । अन्य किसी प्रकार की नई गतिविधि क्षेत्र में नहीं पाई गयी है। उक्त क्षेत्र में किसी भी प्रकार के जोखिम की सम्भावना नहीं है।

अतः उक्त निरीक्षण की आख्या संलग्न कर सादर सेवा में प्रेषित है।

संलग्न–यथोपरि

भवदीय,

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपिः– अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, परिसर उत्तराखण्ड शासन देहरादून की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

CS CamScanner

सेवा में,

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी

महोदय,

निवेदन करना है कि गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क अन्तर्गत मेरे द्वारा गोमुख क्षेत्र का भ्रमण मय टीम के साथ दि० 28-11-2021 किया गया, भ्रमण के दौरान देखने में आया कि गोमुख में नदी का प्रवाह अपने पुराने में बहाव में बह रही है. नदी के बहाव में किसी प्रकार का परिवर्तन नही है न ही किसी की कोई अन्य नई गतिविधिया देखने को मिली है, गोमुख क्षेत्र सुरक्षित है.

अतः महोदय की सेवा में रिपोर्ट प्रेषित

भवदीय
[signature] 28/11/2021
वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री रा० पार्क
उत्तरकाशी.